## अभ्यास Exercise

### पाठ-बोध

**1. प्रश्नों के उत्तर दें—**

- **मौखिक** *(Oral)*

i) भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला 18 से 22 सितंबर, 1986 को हुआ था।

ii) गावस्कर ने दूसरी पारी में 90 रन बनाए।

iii) अंपायर ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यूज़ को पिच कुरेदने से रोका।
iv) जीत दिलाने की ज़िम्मेदारी मनिंदर सिंह के कंधों पर आ गई थी।

- **लिखित** *(Written)*

i) गावस्कर लगातार सौ टेस्ट मैच खेलनेवाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल करनेवाले थे।
ii) आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में सात विकेट पर 547 रन बनाए। सर्वाधिक रन 210 डीन जोंस ने बनाए। ये 503 मिनट (8 घंटे 23 मिनट) तक विकेट पर टिके रहे। अधिक बल्लेबाज़ी करने के कारण ये इतने थक गए थे कि इन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।
iii) रवि शास्त्री ने मनिंदर को फ़ील्ड में मौजूद खाली जगहों के बारे में बताया। उन्होंने सलाह दी कि संभव हो तो एक रन बनाओ, नहीं तो ज़ोर से गेंद पर प्रहार करो।
iv) यह मैच गावस्कर के सौ टेस्ट मैच लगातार खेलने और दोनों टीमों के बराबरी पर रहने के कारण अविस्मरणीय बन गया।

**2. उचित शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखें—**

i) ऑस्ट्रेलिया ने ····बल्लेबाज़ी···· की शुरुआत की।
ii) अब जीत के लिए केवल ····चार···· रन बनाने थे।
iii) दोनों टीमों का ····स्कोर···· बराबर हो गया।
iv) शास्त्री नॉन ····स्ट्राइकर···· छोर पर पहुँच गए।
v) ····ऑस्ट्रेलियाई···· टीम खुशी से उछलने लगी।

## व्याकरण-बोध

**1. दिए गए वर्णों से बनने वाले दो-दो शब्द लिखें—**

(ज) — ····जगह···· ····जगत····
(ज़) — ····ज़रूरत···· ····तेज़····
(फ) — ····फिर···· ····फूल····
(फ़) — ····फ़ील्ड···· ····फ़ैसला····

**2. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ—**

i) भ् + आ + र् + अ + त् + अ — ····भारत······
ii) श् + उ + र् + उ + आ + त् + अ — ····शुरुआत····
iii) ट् + ए + स् + ट् + अ — ····टेस्ट······
iv) ह् + ई + र् + ओ — ····हीरो······

**3. उचित शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखें—**

i) क्रिकेट के खेल में दो टीमें खेलती ····हैं····।
ii) खेल में सबसे पहले टॉस किया जाता ····है····।
iii) ····मैं···· पूरा मैच देखना पसंद करता हूँ।

iv) मैच ····में···· दर्शक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हैं।

v) विकेटकीपर ····की···· फुरती देखने योग्य होती है।

vi) कभी-कभी खिलाड़ी इतना थक जाते हैं ····कि···· उन्हें मैदान छोड़ना पड़ता है।

**4. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखें—**

i) **घड़ों** में पानी था।

ii) **भिखारियों** को भोजन दो।

iii) शिकारी **मछलियाँ** पकड़ने तालाब में उतरे।

iv) **खिलौने** कौन लाया?

v) **पत्तों** पर ओस थी।